उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में राष्ट्रीय पर्व "गणतंत्र दिवस" का आयोजन

देश का 65वां गणतंत्र दिवस समारोह उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के निदेशक महोदय, डॉ0 यू0 प्रकाशम, भा.व.से. द्वारा समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों की उपस्थिति में ध्वजा रोहण किया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर निदेशक महोदय ने समस्त उपस्थित जनों को बधाई प्रेषित की। अपने उद्बोधन में उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त कराने एवं संविधान लागू कराने हेतु सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं योगदान को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत के इतिहास के स्वर्णिम यादों से लोगों को अवगत कराया एवं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और अथक प्रयासों के फलस्वरूप स्वतत्रंत हुए देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपना–अपना भरपूर योगदान देने हेतु उपस्थित जनों से अपील की।

अपने संबोधन में निदेशक महोदय ने समस्त वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों से अपील की कि वे वन अनुसंधान को आगे बढ़ाकर देश के विकास में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अनुसंधान परियोजनाएं एवं कार्यशालाएं इस तरह से कार्यान्वित हों कि उनका लाभ सीधे तौर पर वन एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए आम जनों एवं हितग्राहियों को प्राप्त हो सके। उन्होंने समस्त लोगों से अपने निर्धारित कार्यों को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ सम्पन्न करने का आह्वान किया। इस अवसर कार्यालय प्रमुख महोदय, श्री पी0 सुब्रमणयम, अवर सचिव श्री राजाराम सिंह, वैज्ञानिकों में डॉ. एन. रायचौधरी, डॉ. एन. कुलकर्णी, डॉ0 आर.के. वर्मा, डॉ0 पी0बी0 मेश्राम, श्रीमती मैत्रयी कुण्डू, डॉ. योगेश्वर मिश्रा, डॉ. अविनाश

यह प्रतिवेदन वेब साईट पर अपलोड हेतु संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी श्री हरिओम सक्सेना द्वारा तैय्यार एवं प्रदाय किया गया है।

जैन, डॉ0 के.के. सोनी, डॉ. राजीव राय, श्रीमती नीलू सिंह, डॉ. ननिता बेरी, डॉ. फातिमा शिरीन, श्री हरीओम सक्सेना, श्री नसीर मोहम्मद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में श्री यू.के. राजू, डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, श्री एच.डी. पाठक, श्री स्वरूप अहरवार, श्री सतीश चौहान, श्री एन. करण्डे, श्री रतन कुमार गुप्ता एवं श्री दीपक यादव का विशेष योगदान रहा।

यह प्रतिवेदन वेब साईट पर अपलोड हेतु संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी श्री हरिओम सक्सेना द्वारा तैय्यार एवं प्रदाय किया गया है।